क्या आपके पास कुछ गाजर हैं?

लियोनार्ड केसलर

चित्र: लोरी पियर्सन

क्या आपके पास
कुछ गाजर हैं?

क्या आपके पास कुछ गाजर हैं?

लियोनार्ड केसलर

चित्र: लोरी पियर्सन

क्या आपके पास कुछ गाजर हैं?

“देखो, यहाँ तुम्हारे लिए कुछ गाजरें हैं."

"नहीं, तुम लोग अब और अधिक

गाजरें नहीं खा सकते."

"हमें गाजर बहुत पसंद है

नाश्ते के लिए,

दोपहर के भोजन के लिए,

और डिनर के लिए भी.

चलो, हम कुछ गाजरें ढूंढते हैं."

"हेलो, कुत्ते भाई.

क्या तुम्हारे पास कुछ गाजर हैं?"

“नहीं, मैं गाजर नहीं खाता.

मै सिर्फ मांस खाता हूं."

"हेलो, बिल्ली मौसी.

क्या आपके पास कुछ गाजर हैं?"

"नहीं, मैं गाजर नहीं खाती.

मुझे सिर्फ दूध पीना ही पसंद है."

"हेलो, घोड़े भाई.

हमें गाजर बहुत पसंद है!

क्या आपके पास हमारे लिए कुछ गाजरे होंगी?"

"नहीं, मैंने अभी कुछ गाजरें खाई हैं.

मुझे भी गाजर पसंद है.

लेकिन मुझे ओट्स (जई) भी पसंद है.

क्या तुम कुछ ओट्स खाना चाहोगे?"

"ओह, नहीं, धन्यवाद."

"हेलो, मुर्गियों.

हेलो, बत्तखों.

क्या तुम्हारे पास कुछ गाजर हैं?"

"नहीं, हम गाजर नहीं खाते हैं.

हम सिर्फ मक्का खाते हैं."

"हेलो, गिलहरी.

क्या तुम्हारे पास कुछ गाजर हैं?"

"ओह, नहीं, मैं गाजर नहीं खाती हूँ.

मुझे बलूत का फल और मेवे पसंद हैं.

क्या तुम्हें कुछ चाहिए?"

"ओह, नहीं, धन्यवाद.

हम कुछ गाजर ढूंढना चाहते हैं."

"हेलो, रैकून भाई.

क्या आपके पास कुछ गाजर होंगी?"

"नहीं, मैंने अभी-अभी एक गाजर खाई है.

क्या तुम कुछ मछलियाँ खाना चाहोगे?"

"ओह, नहीं, धन्यवाद.

हम कुछ गाजर ढूंढना चाहते हैं."

"हेलो, बीवर भाई.

क्या आपके पास कुछ गाजर हैं?"

"नहीं, मैं गाजर नहीं खाता हूं.

मैं बस यह सब खाता हूं."

"हेलो, हिरण.

क्या आपके पास कुछ गाजर हैं?"

"नहीं, हम गाजर नहीं खाते हैं.

हम सिर्फ घास और पत्ते खाते हैं."

"हेलो, सुअर भाई.

क्या आपके पास कुछ गाजर हैं?"

"नहीं, मैंने अभी-अभी एक गाजर खाई है,

मैंने दो टमाटर, तीन सेब,

और चार आलू भी खाए हैं.

मुझे सबकुछ खाना पसंद है!"

"हेलो, चिड़ियों.

क्या आपके पास कोई गाजर है?"

"ओह, नहीं, हम गाजर नहीं खाते हैं.

हम कीड़े-मकौड़े और बीज खाते हैं.

क्या आप कुछ कीड़े खाना चाहेंगे?"

"ओह, नहीं, धन्यवाद.

हम कुछ गाजर ढूंढना चाहते हैं."

"हेलो, लोमड़ी बहन.

क्या आपके पास कुछ गाजर होंगी?"

"नहीं, मैं गाजर नहीं खाती हूं.

लेकिन मेरे साथ चलो.

मैं तुम्हें रात के खाने के लिए अपने घर ले चलूंगी."

"क्या वहां पर हमें गाजर खाने को मिलेगी?"

"नहीं, हम गाजर नहीं खाएंगे."

"फिर हम क्या खाएंगे?"

"मैं तुम्हें खा जाऊँगी!"

"नमस्कार, किसान भाई.

क्या आपके पास कुछ गाजर हैं?"

"हाँ, मेरे पास गाजरे हैं.

क्या तुम कुछ खाना चाहोगे?"

"ज़रूर, हमें गाजरें बहुत पसंद है."

"यहाँ तुम्हारे लिए कुछ गाजरें हैं."

"धन्यवाद धन्यवाद."

"हमें गाजर बहुत पसंद हैं!"

अंत